दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, मंगलवार 30 जुलाई 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-298

# माल्या की संपत्ति जब्त करने के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भगोड़े आर्थिक अपराधी विजय माल्या की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए तैयार हो गया है. सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को विजय माल्या की याचिका पर सुनवाई करेगा. याचिका में माल्या ने अदालत से अपनी और अपने परिवार की संपत्तियों की जब्ती पर रोक लगाने का निर्देश देने की मांग की है. इसपर अब अदालत दो



अगस्त को सुनवाई करेगी. माल्या ने याचिका में कहा है कि सिर्फ किंगफिशर कंपनी से संबंधित संपत्ति ही जब्त की जाए.

अपनी दलील में माल्या का कहना है कि उसकी निजी संपत्ति और परिवार के अन्य सदस्यों की संपत्ति जब्त नहीं की जाए. माल्या पर भारतीय बैंकों का नौ हजार करोड़ रुपये कर्ज लेने और बिना चुकाए फरार होने का आरोप है. शराब कारोबारी विजय माल्या को 11 जुलाई को झटका लगा था. मुंबई उच्च न्यायालय ने इससे पहले विजय माल्या की इसी याचिका को खारिज कर दिया था. इस याचिका के जरिए माल्या ने सरकारी एजेंसियों द्वारा उसकी संपत्ति को जब्त करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की थी.

यह कानून विदेश में छिपकर भारत की कानूनी प्रक्रिया से बचने वाले भगोड़े आर्थिक अपराधियों पर लगाम कसता है. इस कानून के तहत सरकार के पास उनकी संपत्ति जब्त करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के अधिकार हैं. इस कानून में यह प्रावधान किया गया है कि आर्थिक अपराध करने वाले भगोड़ों की देश के भीतर और बाहर की सभी बेनामी संपत्तियां जब्त की जाएंगी.

यह विधेयक भगोड़े आर्थिक अपराधियों को भारतीय अदालतों के अधिकार क्षेत्र से बाहर रहते हुए भारत की कानूनी प्रक्रिया से बचने से रोकेगा. इस कानून में कहा गया है कि भगोड़ा आर्थिक अपराधी ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने ऐसे अपराध किए हैं जिनमें 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक की रकम सम्मिलित है. वे भारत से फरार हैं या भारत में न्यायिक कार्रवाई से बचने या उसका सामना करने के लिए भारत आने से इनकार करते हैं.

## शॉर्ट सर्किट से जेके लोन अस्पताल में लगी आग

### » 25 बच्चों को किया गया रेस्क्यू

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के जेके लोन अस्पताल में रविवार देर रात आग लग गई। अस्पताल के प्रथम तल के आईसीयू वार्ड में एक कमरे में शॉर्ट सर्किट से धमाका हुआ जिसके बाद वहां मौजूद लोगों का दम घुटने लगा। जब आग लगी तो करीब 25 बच्चे उस वार्ड में थे। पहले सभी बच्चों को आईसीयू वार्ड में एडमिट कर दिया गया।

तीसरे मंजिल स्थित आईसीयू में बच्चों को लाया जा रहा है। दम



घुटने की वजह से एक हरियाणा की डेढ़ महीने की बच्ची की मौत हो गई है। आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। आग पूरे अस्पताल में नहीं फैली।

के अनुसार, हादसे के वक्त अस्पताल के करीब आईसीयू वार्ड में 25 बच्चे मौजूद थे। घटना के दौरान वार्ड में मौजूद सभी बच्चों को तीसरे मंजिल पर स्थित आईसीयू में शिफ्ट किया गया। हालांकि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया।

मिल रही जानकारी के अनुसार जेके लोन अस्पताल के प्रथम तल पर स्थित आईसीयू वार्ड में स्थित एक कमरे में शार्ट सर्किट हुआ था। इस दौरान से वार्ड में धुंआ उठने लगा। घटना की जानकारी के बाद जयपुर के चीफ फायर ऑफिसर मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है इस घटना में एक डेढ़ साल की बच्ची की मौत हो गई है।

## पानी से भरे गड्ढे में ट्रैक्टर पलटा, 5 मजदूरों की मौत

### » हिर्री थाना क्षेत्र की घटना

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के हिर्री इलाके में एक दर्दनाक हादसे की खबर प्रकाश में आयी हैं।ट्रैक्टर के पानी से भरे गड्ढे में पलटने से दबकर 5 मजदूरों की मौत की खबर है। सभी मजदूर कोनी क्षेत्र के चुमकंवा के रहने वाले हैं। देर रात हुए हादसे में कड़ी मशक्कत के बाद तड़के सभी मजदूरों के शव को गड्ढे से बाहर निकाल लिया गया हैं।

घटना हिर्री थाना क्षेत्र की है। यहां ग्राम पंचायत अटर्रा के आसपास बिजली तार खींचने का काम चल रहा है। ठेकेदार ने यहां




पंचायत भवन को स्टोर बनाया है, जहां काम में लगे वाहनों के साथ ही मजदूरों के रहने की भी व्यवस्था की गई है। मजदूर यहां से रोज सुबह काम पर निकल जाते हैं और शाम को आकर रात में ठहरते हैं। रविवार की रात पास की साइट से काम कर चार मजदूर समेत 1 ट्रैक्टर चालक पंचायत भवन लौट रहे थे। गांव के इस कच्चे मार्ग में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पानी से भरे गड्ढे में पलट गया। इस हादसे में चालक समेत मजदूर भी ट्रैक्टर में दब गए।

इस घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। टीम मौके पर पहुंच गई। देर रात पुलिस आसपास के लोगों की मदद से ट्रैक्टर व मजदूरों को निकालने मशक्कत करती रही। रात करीब एक बजे ट्रैक्टर को बाहर निकाला गया। फिर मजदूरों की खोजबीन शुरू की गई। तड़के तक सभी 5 मजदूरों के शव को बाहर निकाल लिया गया है। सभी मजदूर कोनी क्षेत्र के चुमकंवा के रहने वाले बताये जा रहे हैं। इनकी पहचान सूरज साहू, अक्षय खैरवार, राजकुमार नेताम, और रामायण साहू के तौर पर की गई है।

## पाक गोलीबारी में 10 दिन के नवजात की मौत, 2 घायल

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ जिले में पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन कर गोलीबारी करने से घायल हुए 10 दिन के नवजात शिशु की सोमवार को अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर रविवार को पाकिस्तान द्वारा गोलाबारी और गोलीबारी में बच्चा तथा दो अन्य नागरिक घायल हो गए थे।

रविवार देर रात शाहपुर सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से मोर्टार से की गई गोलाबारी में यह नवजात शिशु, उसकी



मां फातिमा जान (35) और एक अन्य नागरिक मुहम्मद आरिफ (40) घायल हो गए थे।

पाकिस्तानी सेना ने संघर्ष विराम का उल्लंघन कर एलओसी के शाहपुर और सौजियां सेक्टरों पर गोलाबारी और गोलीबारी कर दी है, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों को पुंछ के जिला अस्पताल ले जाया गया जहां नवजात की सोमवार तड़के मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अन्य दो घायलों को विशेष उपचार के लिए जम्मू के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेजा गया है। हालांकि उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

पाकिस्तानी सेना ने शाहपुर, सौजियां एवं मेंढार सेक्टर में रविवार शाम पांच से रात 10 बजे के बीच अग्रिम चौकियों एवं गावों को निशाना बनाने के लिए मोर्टार के गोले दागे और गोलीबारी की। अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी में कई घर भी क्षतिग्रस्त हो गए।


## बच्चा चोरी के शक में शख्स की पीट-पीटकर हत्या

### » मॉब लिंचिंग

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में बच्चा चोर होने के संदेह में भीड़ ने एक शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी. इस घटना में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. जिन्हें आज कोर्ट में पेश किया जाएगा. पुलिस मामले की जांच की कर रही है.

फलकाटा थाना के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार शाम में तसाती चाय बगान में उस समय हुई, जब स्थानीय लोगों ने एक व्यक्ति को इलाके में संदिग्ध स्थिति में घूमते हुए देखा. अधिकारी ने बताया, '250 से अधिक लोगों ने लात-घूंसों से उसकी पिटाई की. जब भीड़ से उसे छुड़ाया गया तब तक वह गंभीर रूप से जख्मी हो चुका था.'

अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि व्यक्ति को बीरपारा अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया.



उसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है. 'घटना के सिलसिले में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और सोमवार को उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा. मामले की जांच की जा रही है.' बता दें कि पश्चिम बंगाल और झारखंड में ग्रामीण इलाकों में इस तरह की अफवाहें सामने आ रही हैं. जिसकी वजह से कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं. लोगों के बीच जागरूकता नहीं होने की वजह से ऐसी अफवाहों पर यकीन कर लेते हैं और भीड़ निर्दोष व्यक्तियों को पीट-पीटकर उनकी हत्या कर देती है.

## काबुल में उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर हमला, 20 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में आगामी सितंबर में होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार के काबुल स्थित कार्यालय पर हुए आत्मघाती हमले में 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 अन्य घायल हो गए। अफगान प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह कार विस्फोट रविवार की शाम को 4.30 बजे के आसपास पूर्व खुफिया प्रमुख अमरुल्लाह सालेह के कार्यालय के पास हुआ। सालेह 28 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार होने के साथ ही अशरफ गनी के साथी भी हैं।

तीन अन्य हमलावर चार मंजिला इमारत (जिसमें कार्यालय भी है) में कई घंटों तक छिपे रहे, जिन्हें वहां से निकालने के लिए सुरक्षा बलों ने एक अभियान चलाया, जो आधी रात तक चला।

गृह मंत्रालय की प्रवक्ता नसरत रहीमी ने समाचार एजेंसी एफे को बताया, इस हमले में 20 लोगों की मौत हो गई और अन्य 50 लोग घायल



हो गए। मारे गए लोगों में चार सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं।

इस हमले में आत्मघाती हमलावर सहित चारों हमलावर मारे गए हैं, जिससे मरने वालों की कुल संख्या 24 हो गई है।

प्रवक्ता ने कहा कि आंतरिक मंत्रालय घटना की जांच कर रहा है।

इमारत में फंसे करीब 150 लोगों को सुरक्षाकर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाला।

हमले को लेकर गनी ने ट्वीट किया है, मेरे भाई, अफगानिस्तान की मिट्टी का सच्चा बेटा और मेरे चुनावी टीम में उपराष्ट्रपति पद के पहले उम्मीदवार अमरूल्लाह सालेह देश के दुश्मनों के हमले में बच गए हैं।

## आजम ने रमा देवी पर अभद्र टिप्पणी के मामले में लोकसभा में मांगी माफी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा में स्पीकर की कुर्सी पर आसीन बीजेपी सांसद रमा देवी पर विवादित बयान को लेकर रामपुर के सपा सांसद आजम खान ने माफी मांग ली है। स्पीकर ओम बिड़ला ने उनसे सदन में ही दोबारा माफी मंगवाई। संसद की कार्यवाही से पहले ओम बिड़ला ने अपने ऑफिस में अखिलेश यादव और आजम खान के साथ बैठक भी की थी। इसमें रमा देवी भी शामिल रहीं। आजम खान ने माफी मांगते हुए कहा, 'मेरा आचरण पूरा सदन जानता है। रमा देवी हमारी बहन के समान हैं। मैं माफी मांगता हूं।'




बता दें कि 25 जुलाई को लोकसभा में तीन तलाक बिल पर बहस के दौरान शिवहर (बिहार) से सांसद रमा देवी आसंदी पर बैठी हुई थीं। तभी आजम ने उन पर टिप्पणी की। इसके बाद लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आजम से माफी की मांग की थी। वहीं, बिड़ला ने भी आजम से माफी मांगने को कहा। इसके बाद आजम ने रमा देवी को अपनी प्यारी बहन बताया। लेकिन माफी मांगने की बात पर वह यह कहकर सदन से बाहर चले गए कि मुझे बेइज्जती सहकर यहां बात नहीं रखनी।

रमा देवी ने आजम के बयान पर शनिवार को कहा था- जिस कुर्सी पर मैं बैठी थी वह सभी की है। उन्होंने अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल देश की सभी महिलाओं के लिए किया है। मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता ने मुझ पर विश्वास जताया और मुझे चुनकर संसद में भेजा। मुझमें ऐसे लोगों (आजम खान) का सामना करने की ताकत है।

गुरुवार को सदन में सपा सांसद अखिलेश यादव ने आजम का बचाव करते हुए कहा था, ''अगर भाषा असंसदीय लगे तो इसे रिकॉर्ड से निकाल दें, लेकिन मुझे नहीं लगता कि उन्होंने कुछ भी गलत भावना से नहीं कहा।'' रमा देवी ने अखिलेश को जवाब देते हुए शनिवार को कहा था, उन्होंने सिर्फ मुझे ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ऐसा बोला है। उनकी भाषा में उनका अहंकार और घमंड दिखता है। उन्हें ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, वे मुख्यमंत्री रह चुके हैं।''

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रणब मुखर्जी को 8 अगस्त को मिलेगा भारत रत्न



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को 8 अगस्त को सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा. मुखर्जी के अलावा ये पुरस्कार मरणोपरांत सामाजिक कार्यकर्ता नानाजी देशमुख और असम प्रख्यात गायक भूपेन हजारिका को दिया जाएगा. इन तीनों को इस साल जनवरी में इस सम्मान के लिए चुना गया था. प्रणब दा का भारतीय राजनीति में लंबा रिश्ता रहा है. उन्होंने अपना करियर कोलकाता में डिप्टी अकाउंटेंट जनरल के कार्यालय में क्लर्क के रूप में शुरू किया था लेकिन इसके बाद अपनी मेहनत और बुद्धिमत्ता से आगे बढ़ते गए.

### बीएस येदियुरप्पा ने विधानसभा में बहुमत साबित किया

#### » स्पीकर के आर रमेश का इस्तीफा

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री बीएस येडियुरप्पा ने सोमवार को विधानसभा में ध्वनिमत से बहुमत साबित कर दिया.जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) और कांग्रेस के 17 बागी विधायकों को अयोग्य क़रार दिए जाने के बाद बहुमत का आंकड़ा अब 105 रह गया था. नए समीकरण के मुताबिक, बीजेपी को सत्ता में बने रहने के लिए अब इतने ही विधायकों के समर्थन की जरूरत थी. अकेले बीजेपी के पास यह आंकड़ा मौजूद था. लिहाजा येडियुरप्पा को बहुमत साबित करने में कोई मुश्किल नहीं आई. उधर, येडियुरप्पा के विश्वास मत जीतने के तुरंत बाद स्पीकर केआर रमेश ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया. उन्होंने कहा कि मैं पद को छोड़ना चाहता हूं और जो डिप्टी स्पीकर है, अभी वह इस पद को संभालेंगे. बहुमत साबित करने के बाद मुख्यमंत्री येडियुरप्पा ने कहा, मैं किसी के खिलाफ बदले की राजनीति के साथ काम नहीं करता हूं. इसलिए अब भी नहीं करूंगा. हमारी सरकार किसानों के लिए काम करना चाहती है, इसलिए मैं सभी से अपील करता हूं कि सरकार के विश्वास मत प्रस्ताव का समर्थन करें. फ्लोर टेस्ट के बाद एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि आप अब लोग सरकार में हैं, इसलिए विधायकों पर इस्तीफे का दबाव बनाना खत्म कीजिए. उन्होंने कहा कि अगर सरकार बढ़िया काम करती है तो वह सरकार को समर्थन करेंगे.

### फागू चौहान ने ली बिहार के राज्यपाल पद की शपथ



**पटना (आरएनएस)।** बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल फागू चौहान ने सोमवार को राज्यपाल पद की शपथ ली। बिहार के राजभवन के राजेंद्र मंडप में आयोजित एक सादे समारोह में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ए पी शाही ने चौहान को राज्यपाल पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी, विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी सहित कई अन्य नेता और अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर चौहान का पूरा परिवार भी उपस्थित था। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के घोसी के विधायक रह चुके चौहान रविवार की शाम पटना पहुंचे थे। पटना हवाई अड्डे पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी समेत अन्य मंत्रियों ने किया था। चौहान उत्तर प्रदेश में मंत्री भी रह चुके हैं। चौहान उत्तर प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। खासकर पिछड़ा वर्ग में इनका नाम राज्य के शीर्ष नेताओं में गिना जाता है। गौरतलब है कि बिहार के राज्यपाल रहे लाल जी टंडन को मध्य प्रदेश स्थानांतरित कर दिया गया है।